हिंदी पखवाड़ा एवं हिंदी दिवस समारोह पर रिपोर्ट

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भुवनेश्वर द्वारा 01 से 14 सितंबर 2019 के दौरान संस्थान के माननीय निदेशक प्रो. आर. वी. राजकुमार के मार्गदर्शन में हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया गया। संस्थान कर्मियों के लिए 'निबंध प्रतियोगिता' दिनांक 10.09.2019 को आयोजित की गई, जिसमें प्रथम – डॉ. देवेश पुनेरा, द्वितीय – श्री निहार रंजन पांडा एवं तृतीय – श्री सत्यब्रत घोष रहे | 'आशुभाषण प्रतियोगिता' दिनांक 11.09.2019 को आयोजित की गई जिसमें प्रथम – डॉ. मिथिपति शिवा भास्कर, द्वितीय - डॉ. निहार रंजन पांडा, एवं श्री सत्यब्रत घोष रहे| 'ऑनलाइन-शब्दकोष' पर कार्यशाला दिनांक 13.09.2019 को आयोजित की गयी थी|
दिनांक 07 सितंबर को संस्थान छात्रों के लिए "रचनात्मक लेखन" एंव "बस ये पल" नामक प्रतियोगिता का आयोजन छात्र जिमखाना की हिंदी साहित्य समिति "अभिव्यक्ति", के सहयोग से किया गया। प्रतियोगिता में लगभग 40 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। रचनात्मक लेखन में प्रथम - अरुण, द्वितीय - सरंशी सिंहाई , तृतीय - पवन कुमार मीना रहे एवं बस यह पल में प्रथम - नीलाभ शुक्ला, द्वितीय - कृष्णा मुंद्रा, तृतीय – अरुण रहे|

संस्थान राजभाषा हिंदी के प्रचार प्रसार के लिए प्रतिबद्ध है और इस उद्देश्य के पूर्ति हेतु संस्थान ने दिनांक 08 सितंबर 2019 को अंतर-संस्थान स्तर पर हिंदी 'वाद-विवाद' एवं स्वरचित कविता आधारित 'आवाज़ दिल' की प्रतियोगिता का आयोजन किया ताकि राजभाषा के प्रचार-प्रसार को एक नई दिशा मिल सके। प्रतियोगिता में संस्थान के 30 से अधिक छात्रों सहित शहर के प्रतिष्ठित कॉलेजों के 50 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। वाद – विवाद प्रतियोगिता में प्रथम – गाँधी इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजिकल एडवांसमेंट, भुवनेश्वर (खुशबू, रिया, वैभव, महेश्वर, निधि) एवं द्वितीय – भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भुवनेश्वर (रोमित, गौरव, मोहम्मद अथर, मोबाशीर, उत्सव) रहे | आवाज दिल की प्रतियोगिता में प्रथम - अभिषेक नेगी (भा.प्रौ.सं. भुबनेश्वर), द्वितीय - शाहीर रफी (रवेंषा विश्वविद्यालय), तृतीय - पंकज कुमार, एवं सांत्वना पुरस्कार - खुसबू नायक, अमन राज, प्रिय साहू एवं सोम्यदीप भट्टाचार्या को दिया गया|
प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के सदस्य के रूप में डॉ. सैयद हिलाल फारुख, डॉ. तबरेज़ खान, डॉ. अखिलेश कुमार सिंह, डॉ. सुनील कुमार प्रजापति, श्री गंगेश झा, ले. कमांडर राज कुमार एवं डॉ. राज कुमार सिंह

उपस्थित थे। संपूर्ण कार्यक्रम का समन्वयन ‘अभिव्यक्ति टीम’ ने प्राध्यापक प्रभारी, राजभाषा एकक के संरक्षण में किया। केंद्रीय पुस्तकालय ने 13 सितम्बर को एक हिंदी पुस्तक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया था, जिसमें हिंदी से जुड़ी पुस्तकों को पर्दर्शित किया गया था |

14.09.2019 को हिंदी दिवस एवं हिंदी पखवाड़ा का समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन माननीय निदेशक प्रो. आर.वी.राजकुमार के अध्यक्षता में हुआ| मंच पर निदेशक के अलावा कर्नल (डॉ.) सुबोध कुमार, कुलसचिव एवं प्रो. वी.आर.पेद्दीरेद्दी संकायाध्यक्ष (छात्र कार्य) मौजोद थे| कार्यक्रम का आयोजन विधिवत् रूप से अतिथियों का पुष्पगुच्छ के साथ स्वागत से हुआ। डॉ. राज कुमार सिंह ने कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए राजभाषा के इतिहासिक पहलुओं को उजागर करते हुए राजभाषा की महत्ता पर प्रकाश डाला एवं माननीय गृहमंत्री श्री राजनाथ सिंह जी का सन्देश पढ़ कर सुनाया | गवर्नर छात्र जिमखाना, हिंदी साहित्य समिति श्री प्राचातेस कुमार मिश्र ने हिंदी एवं ‘अभिव्यक्ति’ के सालाना कार्यों पर प्रकाश डाला | तत्पश्चात पुरस्कार वितरण किया गये|
प्रो. आर.वी.राजकुमार, कर्नल (डॉ.) सुबोध कुमार एवं प्रो. वी.आर.पेद्दीरेद्दी ने विजेताओं को पुरस्कृत किया | अपने संबोंधन में माननीय निदेशक प्रो. आर.वी.राजकुमार ने छात्रों को और अधिक रचनात्मक एवं सृजन्त्मक होने पर बल दिया | उन्होंने कहा कि हिंदी में ही देश की संपर्क भाषा होने की क्षमता है| संकायाध्यक्ष (छात्र कार्य) प्रो. वी.आर.पेद्दीरेद्दी ने विजेता छात्रों को बधाई दी एवं हिंदी के अलवा अहिन्दी भाषी छात्रों को भी जुड़ने का अहवान किया | कुलसचिव कर्नल (डॉ.) सुबोध कुमार ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी एवं संस्थान में भारत सरकार के राजभाषा नीति का पूरी तरह अनुपालन पर जोड़ दिया| कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन ‘अभिव्यक्ति’ के श्री कौशिक गुप्ता ने किया | इस अवसर पर कई छात्रों ने कविता पाठ एवं अपने विचार व्यक्त किये| कार्यक्रम का समापन ले. कमांडर राज कुमार के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ जिसमे उन्होंने निदेशक महोदय को मार्गदर्शन और निरंतर सहयोग हेतू धन्यवाद दिया एवं रजिस्ट्रार और उनके कार्यालय से मिली सहयोग हेतू धन्यवाद दिया|

हिंदी पखवाड़ा के कार्यक्रम, समापन एवं हिंदी दिवस समारोह की झाँकी